Himachal Pradesh Fourteenth Vidhan Sabha

THIRTEENTH SESSION

Questions For Oral Answer

Saturday, 21 November, 2026/30, Kartika, 1948 (Saka)

[Chief Minister - Deputy Chief Minister - Health & Family Welfare Minister - Agriculture Minister - Industries Minister - Revenue Minister - Education Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister - Public Works Minister - Town and Country Planning Minister and Ayush Minister].

Total Question - 42

Persons with Disabilities

*4962 **Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) what is the present policy of the Government for providing financial assistance, rehabilitation, education and employment opportunities to persons with disabilities including autistic children and individuals who have lost one or more limbs;

(b) whether the Government is aware that persons suffering from permanent loss of vision in one eye are generally assessed at 26—30% disability and remain excluded from several welfare schemes requiring a minimum of 40% disability;

(c) if so, whether the Government proposes to review the existing disability assessment criteria and consider enhancing the recognised percentage, wherever medically and legally justified or introducing separate benefits for

persons with permanent disabilities below the 40% benchmark; and

(d) whether the Government proposes to formulate a comprehensive policy to identify the abilities and potential of such persons and provide them opportunities for skill development, rehabilitation and employment; if not, the reasons therefor?

सड़क व पुल निर्माण

***4963 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जिला कांगड़ा में नाबार्ड के तहत लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत सड़क व पुल निर्माण योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा प्रत्येक कार्य के विलंब के कारणों सहित दें?

डॉ0 वाई0एस0 परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय

***4964 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या डॉ0वाई0एस0 परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के निवर्तमान कुलपति के विरुद्ध अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की शिकायतें प्राप्त हुई थीं; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा दें तथा क्या उनका नाम संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों (ODI) की सूची में शामिल किया गया था; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) क्या निवर्तमान कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात भी कार्यकारी अनियमितताएं हुई हैं; यदि हां, तो क्या उनके विरुद्ध आरोप-पत्र जारी किया गया था; तत्संबंधी एवं अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें;

(ग) क्या निवर्तमान कुलपति एवं विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की फ्रांस तथा क्रोएशिया यात्रा पर सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना (SPNF/PK3Y) के अंतर्गत लगभग 10 लाख रुपये व्यय किए गए थे; यदि हां, तो उक्त व्यय की स्वीकृति, औचित्य, जांच, वसूली तथा उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा दें; यदि कोई कार्रवाई नहीं की गई है, तो कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(घ) विगत तीन वर्षों में विश्वविद्यालय में गणित एवं अन्य विषयों के कितने सहायक आचार्य/आचार्य को शैक्षणिक योग्यता पूर्ण न होने के बावजूद भी नियुक्ति एवं पदोन्नति प्रदान की गई; ब्यौरा दें?

भूस्खलन/भू-कटाव

***4965 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भूस्खलन एवं भू-कटाव की रोकथाम हेतु नदियों, नालों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर विभाग द्वारा कौन-कौन से कार्य स्वीकृत एवं निष्पादित किए गए; प्रत्येक कार्य का नाम, स्थान, स्वीकृत, आबंटित एवं व्यय धनराशि तथा अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें;

(ख) यदि उक्त अवधि में ऐसे कोई कार्य स्वीकृत अथवा निष्पादित नहीं किए गए हैं तो कारण; और

(ग) इस क्षेत्र में भूस्खलन एवं भू-कटाव की रोकथाम हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है; क्या सरकार आवश्यक कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत करने का विचार रखती है; यदि हां, तो प्रस्तावित कार्यों एवं समय-सीमा का ब्यौरा दें?

चिनाव मण्डल, उदयपुर

***4966 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) लोक निर्माण विभाग के चिनाव मण्डल, उदयपुर के अंतर्गत कितने-कितने बेलदार एवं एम0टी0एस0/एम0पी0डब्ल्यू0 कार्यरत हैं; पदस्थापना/क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार चिनाव मण्डल, उदयपुर के अंतर्गत अतिरिक्त एम0टी0एस0/ एम0पी0डब्ल्यू0 की भर्ती करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

मुख्य मंत्री सहारा योजना

***4967 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के सहायतार्थ मुख्य मंत्री सहारा योजना बंद कर दी गई है; यदि हां, तो कारण; यदि नहीं, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इस योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या का विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

खेल परिसर कल्याड़ा

***4968 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कल्याड़ा में निर्मित खेल परिसर को कब तक युवा सेवाएं एवं खेल विभाग को सौंप दिया जाएगा; और

(ख) भविष्य में किस विभाग द्वारा इसका रख-रखाव व संचालन किया जाएगा; ब्यौरा दें ?

धनराशि आबंटन

***4969 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जिला हमीरपुर को क्षेत्रीय विकेन्द्रीकृत विकास योजना (एस0डी0पी0), पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना तथा पी0डी0एन0ए0 के तहत वर्षवार कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत, आबंटित एवं जारी की गई; ब्यौरा योजनावार दें;

(ख) उक्त अवधि में इन योजनाओं के तहत स्वीकृत विकास कार्यों के नाम, स्थान, संबंधित ग्राम पंचायत तथा प्रत्येक कार्य हेतु स्वीकृत एवं व्यय धनराशि का ब्यौरा विकास खण्डवार एव वर्षवार दें; और

(ग) इस अवधि में कितने विकास कार्य पूर्ण, प्रगतिरत एवं आरम्भ नहीं हुए; कार्यों की अद्यतन स्थिति का योजनावार, वित्तीय वर्षवार एवं विकास खण्डवार ब्यौरा दें?

रिक्त पद

***4970 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक रोहडू एवं डोडरा-क्वार में वेटरिनरी डॉक्टर व पैरा-मेडिकल स्टाफ के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा पद व श्रेणीवार दें; रिक्त पदों को सरकार कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***4971 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी नई

सड़कों के निर्माण हेतु आवश्यक वन संरक्षण अधिनियम (एफ0सी0ए0/एफ0आर0ए0) की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है; ब्यौरा मण्डलवार सड़कों के नाम सहित दें; और

(ख) जिन सड़कों हेतु उक्त स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी हैं उनका निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

विद्यालय भवन

***4972 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां, घनारी, रामनगर, मारवाड़ी, कुठेड़ा जसवालां तथा राजकीय उच्च विद्यालय देओली व राजकीय प्राथमिक विद्यालय बढेड़ा राजपूतां के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

धर्मांतरण

***4973 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश धर्मांतरण निषेध अधिनियम, 2019 एवं 2022 के संशोधन के अंतर्गत वर्ष, 2023 से दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के सभी जिलों में धर्मांतरण संबंधी कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं तथा कितनी एफ0आई0आर0 दर्ज हुईं; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में इन मामलों में कितनी गिरफ्तारियां हुईं तथा कितने चालान प्रस्तुत हुए एवं कितने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई; कितने मामले पुलिस जांच/न्यायालय में विचाराधीन हैं; ब्यौरा दें;

(ग) घुमारवीं, निरमंड, हरोली, अम्ब, नालागढ़ एवं मण्डी में कथित प्रलोभन, दबाव अथवा धार्मिक पहचान छिपाकर विवाह हेतु प्रेरित करने से जुड़े मामलों में क्या कार्रवाई की गई तथा उनकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(घ) ऐसी शिकायतों की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा क्या सरकार प्रदेश के सभी जिलों में विशेष निगरानी व शिकायत निवारण व्यवस्था का प्रावधान करने का विचार रखती है?

पपरोला-रक्कड़ सड़क

***4974 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पपरोला-रक्कड़ सड़क की हालत दयनीय है; यदि हां, तो इस सड़क की मरम्मत/निर्माण हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या विभाग द्वारा इसकी डी0पी0आर0 नाबार्ड को प्रेषित की गई है; यदि हां, तो डी0पी0आर0 कब तक स्वीकृत कर दी जाएगी?

पेयजल / सिंचाई योजनाएं

***4975 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग की कितनी पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं संचालित / पूर्ण हैं तथा कितनी निर्माणाधीन हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक कितनी नई पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं स्वीकृत की गईं व प्रत्येक योजना हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें;

(ग) निर्माणाधीन योजनाओं को पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है; और

(घ) कितनी योजनाओं के कार्य दिनांक 01.11.2026 तक आरम्भ नहीं हुए; कार्य शुरू न होने के क्या कारण हैं तथा इन्हें कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा योजना एवं पंचायतवार दें?

अध्यापक नियुक्ति

***4976 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जिन विद्यालयों में कोई भी अध्यापक नियुक्त नहीं था क्या उन विद्यालयों में अध्यापकों को नियुक्त कर दिया गया है; ब्यौरा दें?

आउटसोर्स कर्मचारियों हेतु स्थायी नीति

***4977 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा उनके भविष्य को सुरक्षित करने हेतु स्थायी नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि

***4978 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि NH-07 पांवटा साहिब से बांगरण, शिवपुर, सालवाला, सिंगपुरा, भंगानी वाया खोदरी माजरी सड़क निर्माण/सुधार का प्रस्ताव केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृति हेतु केंद्र सरकार को भेजा गया है; यदि हां, तो ब्यौरा प्रस्तावित लागत, प्रस्ताव भेजने की तिथि एवं अद्यतन स्थिति सहित दें?

डे -बोर्डिंग स्कूल

***4979 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में कितने डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित/संचालित किए जा रहे हैं; ब्यौरा स्थानवार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक जिन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित नहीं हुए हैं वहां कब तक खोल/स्थापित कर दिए जाएंगे?

रिक्त पद

***4981 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश के मेडिकल कॉलजों, नागरिक अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों व विशेषज्ञ चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) जिला चम्बा के नागरिक अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों, नर्सों तथा सफाई कर्मचारियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ग) प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(घ) प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों, जांच उपकरणों एवं अन्य चिकित्सा सामग्री की नियमित आपूर्ति हेतु क्या व्यवस्था है तथा गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इनकी कमी संबंधी कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं एवं इनके निवारण हेतु क्या कार्रवाई की गई; जिलावार ब्यौरा दें?

बल्क ड्रग पार्क

***4982 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक हरोली में बल्क ड्रग पार्क का कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा परियोजना को व्यावसायिक रूप से आरंभ करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है;

(ख) क्या सरकार परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो विलंब के कारण तथा क्या इससे परियोजना की लागत में वृद्धि हुई है; ब्यौरा दें;

(ग) इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत व दिनांक 01.11.2026 तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत तथा व्यय की गई धनराशि का मदवार ब्यौरा दें;

(घ) उपरोक्त परियोजना के पूर्ण संचालन के बाद कितने युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है तथा स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता एवं तकनीकी प्रशिक्षण देने हेतु सरकार की क्या नीति है; और

(ङ) दिनांक 01.11.2026 तक कितनी औद्योगिक कंपनियों ने निवेश हेतु एम0ओ0यू0 अथवा सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं; कितनी कंपनियों को भूमि आबंटित हुई तथा प्रथम चरण में कितने स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन

***4983 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा

पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 50 के अंतर्गत वर्ष 2015 में गठित राज्य स्तरीय निगरानी समिति की दिनांक 31.10.2026 तक एक भी बैठक नहीं हुई है; यदि हां, तो इस हेतु कौन उत्तरदायी है;

(ख) इसके कारण कितने परियोजना प्रभावित परिवार मुआवजा, पुनर्वास एवं रोजगार संबंधी समस्याओं से प्रभावित हैं; और

(ग) जे0एस0डब्ल्यू0 कुठेड़, जी0एम0आर0 होली तथा लुहरी जलविद्युत परियोजना चरण-I के प्रभावित परिवारों की अद्यतन स्थिति क्या है एवं सरकार उनकी समस्याओं के निपटारे हेतु क्या पग उठा रही है?

नियमितीकरण

*4984 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 31 जुलाई, 2015 से पूर्व IMC/SWF के अंतर्गत नियुक्त लगभग 945 प्रशिक्षकों/कर्मचारियों को नियमित किया गया है जबकि इसके पश्चात नियुक्त लगभग 250 कर्मचारियों को नियमित नहीं किया गया है; यदि हां, तो इसका विभागीय व नीतिगत आधार क्या है; और

(ख) दिनांक 31 जुलाई, 2015 से पूर्व नियुक्त कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु जारी नीति/अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें; क्या सरकार 250 कर्मचारियों को नियमित करने हेतु नई नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

केंद्र प्रायोजित योजनाएं

*4985 **श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :**
श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :
श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वर्तमान में कितनी केंद्र प्रायोजित तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं क्रियान्वित हैं; विभागवार एवं योजनावार ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रत्येक योजना के तहत केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा वर्षवार कितनी धनराशि किस-किस तिथि को स्वीकृत, जारी एवं प्राप्त हुई; केंद्रांश एवं राज्यांश का निर्धारित एवं वास्तविक अंशदान सहित ब्यौरा दें;

(ग) प्राप्त धनराशि में से योजनावार एवं विभागवार कितनी धनराशि व्यय की गई तथा

कितनी अव्ययित है; यदि धनराशि का पूर्ण उपयोग नहीं हुआ है तो योजनावार एवं विभागवार कारणों सहित ब्यौरा दें;

(घ) क्या केंद्र द्वारा किसी योजना की आगामी किस्तें लंबित अथवा रोकी गई हैं; यदि हां, तो योजनावार लंबित राशि, अवधि, कारण तथा इस संबंध में किए गए पत्राचार का ब्यौरा दें;

(ङ) उक्त अवधि में केंद्र को कितने उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए गए तथा कितने लंबित हैं; क्या राज्यांश जारी करने में विलंब, उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने अथवा अन्य प्रशासनिक एवं वित्तीय कारणों से केंद्रीय सहायता की किस्तें प्रभावित हुई हैं; यदि हां, तो योजनावार ब्यौरा दें; और

(च) प्रत्येक योजना के निर्धारित लक्ष्यों, प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियों, अधूरे कार्यों तथा शेष कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

PHC Chamia

***4986 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state whether the Government is aware that approximately ₹ 11 lakh is required to complete the pending Forest Rights Act formalities for Primary Health Centre (PHC) Chamia; if so, whether the Government proposes to sanction and release requisite fund within one month; if not, the reasons therefor?

सेवानिवृत्त कर्मचारी

***4987 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कितने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुनः संविदा अथवा आउटसोर्स आधार पर कब से नियुक्ति प्रदान की गई; ब्यौरा पद एवं कार्यक्रमवार दें?

पी0एम0जी0एस0वाई0-III

***4988 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक बंजार लोक निर्माण मण्डल के अंतर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0-III के तहत निर्माणाधीन चार सड़कों का कार्य कब से व

किन कारणों से बंद पड़ा है; इन सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; सड़कों का ब्यौरा अद्यतन स्थिति सहित दें;

(ख) उपरोक्त सड़कों की निविदाएं कब आबंटित की गईं तथा दिनांक 01.11.2026 तक कितनी धनराशि स्वीकृत, व्यय व कितनी शेष है; सड़कवार एवं कार्यवार ब्यौरा दें; और

(ग) विभाग की इन सड़कों के शेष कार्य को पूर्ण करवाने हेतु केंद्र अथवा प्रदेश सरकार से अतिरिक्त धनराशि प्राप्त करने की क्या योजना है; ब्यौरा दें?

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय उदयपुर

*4989 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या उदयपुर में स्वीकृत राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय हेतु वन संरक्षण अधिनियम के तहत भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) भूमि हस्तांतरण एवं स्वीकृति के बावजूद भी उदयपुर में महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू न होने के क्या कारण हैं; विलंब हेतु कौन-कौन से घटक या विभाग उत्तरदायी हैं; और

(ग) क्या सरकार ने वर्तमान में सुन्दरनगर (मण्डी) से संचालित हो रहे इस संस्थान को उदयपुर स्थानांतरित करने तथा निर्माण कार्य शुरू करने हेतु कोई निश्चित समय-सीमा तय की है; यदि नहीं, तो कारण?

निविदा आबंटन

*4990 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत रैत-क्वाहला-नेरटी सड़क मार्ग के निर्माण हेतु निविदा कब आबंटित की गई व इसके निर्माण कार्य हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक इस सड़क मार्ग पर कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

एस0सी0डी0पी0

***4991 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम (एस0सी0डी0पी0) के तहत सड़क निर्माण एवं सुधार हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं आबंटित की गई; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एवं वर्षवार दें;

(ख) उक्त धनराशि से किन-किन सड़कों के कार्य स्वीकृत किए गए व दिनांक 01.11.2026 तक प्रत्येक सड़क पर कितनी धनराशि व्यय हुई तथा कितनी शेष है; और

(ग) दिनांक 01.11.2026 तक इन कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण हो चुके व कितने प्रगति पर हैं तथा कितने शुरू नहीं हुए; ब्यौरा कार्यवार दें?

रिक्त पद

***4992 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक नागरिक अस्पताल रोहडू में मेडिकल, पैरा-मेडिकल, स्टाफ नर्स व अन्य श्रेणियों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

विधायक / सांसद क्षेत्र विकास योजना

***4993 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक विकास खंड सलूणी में विधायक क्षेत्र विकास निधि तथा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत कितने कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई; ब्यौरा कार्यों के नाम, स्थान, आबंटित धनराशि तथा स्वीकृति की तिथि सहित दें;

(ख) इस अवधि में स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य वर्तमान में लंबित तथा कितने पूर्ण किए जा चुके हैं; कार्यों का ब्यौरा नामवार एवं पंचायतवार दें; और

(ग) दिनांक 01.11.2026 तक इन लंबित कार्यों को पूर्ण न किए जाने के क्या कारण हैं व इन कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

सड़कों का सुधार

***4994 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2025 के मानसून के दौरान प्रदेश में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत एवं सुधार हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; जिलावार ब्यौरा दें?

एफ0सी0ए0

***4995 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा एफ0सी0ए0 (Violated reported case) में शामिल सड़कों में से कितनी सड़कों की एफ0सी0ए0 स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है; कितनी सड़कों की निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं व शेष सड़कों की एफ0सी0ए0 स्वीकृति कब तक प्राप्त कर ली जाएगी; सड़कवार ब्यौरा दें?

नागरिक चिकित्सालय राजगढ़ एवं सराहां

***4996 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नागरिक चिकित्सालय राजगढ़ एवं सराहां में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; ब्यौरा चिकित्सालयवार एवं पदवार दें?

चिट्टा तस्करी

***4997 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में चिट्टा तस्करी के कितने मामले दर्ज हुए, कितने आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा कितनी संपत्तियां जब्त की गईं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) प्रदेश में नशे के बढ़ते कारोबार, चिट्टा तस्करी, चोरी, हत्या एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु सरकार द्वारा क्या-क्या पग उठाए जा रहे हैं; और

(ग) क्या सरकार प्रत्येक जिले में विशेष एंटी-चिट्टा टास्क फोर्स गठित करने तथा पुलिस बल को मजबूत करने की योजना बना रही है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

तटीयकरण

***4998 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भारी वर्षा एवं बाढ़ के कारण गिरि एवं बाता नदियों पर विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा तटबंध एवं तटीयकरण कार्य क्षतिग्रस्त हुए हैं; यदि हां, तो क्षतिग्रस्त तटबंधों एवं तटीयकरण कार्य का स्थान एवं लंबाई सहित ब्यौरा दें;

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक उक्त क्षतिग्रस्त कार्यों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की गई; कार्यवार ब्यौरा दें; और

(ग) बाढ़ एवं नदी कटाव से किसानों की उपजाऊ भूमि की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा क्या स्थायी योजना तैयार की गई है; उक्त क्षतिग्रस्त कार्यों को पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है?

भर्तियां

***4999 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा कितने पद अस्थायी आधार पर भरे गए; पद एवं विभागवार ब्यौरा दें; क्या इन पदों पर चयनित कर्मियों की सेवाओं को नियमित करने का कोई प्रावधान है; यदि नहीं, तो इनकी सेवा सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग, हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग तथा भर्ती निदेशालय को विभिन्न विभागों से कुल कितने पदों को भरने हेतु मांग-पत्र प्राप्त हुए, जिनके विज्ञापन जारी होने शेष हैं; ब्यौरा आयोग एवं निदेशालयवार तथा पद एवं विभागवार पृथक-पृथक दें;

(ग) इस अवधि में राज्य चयन आयोग द्वारा कितने भर्ती विज्ञापन जारी किए गए, जिनकी परीक्षाएं आयोजित होनी शेष हैं; विलंब के कारणों का ब्यौरा परीक्षाएं आयोजित करने की संभावित तिथियों सहित दें; और

(घ) क्या राज्य चयन आयोग द्वारा पोस्ट कोड 25011 के तहत हॉर्टिकल्चर एक्सटेंशन अधिकारियों के पदों हेतु परीक्षा आयोजित की गई है; यदि नहीं, तो विज्ञापित पदों की संख्या, परीक्षा में विलंब के कारण तथा परीक्षा आयोजित करने की संभावित तिथि का ब्यौरा दें?

अधूरे भवन

***5000 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विभागों के ऐसे कितने भवन हैं, जिनका निर्माण कार्य शुरू होने के बाद बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया है; ब्यौरा भवनों की अद्यतन स्थिति विभाग एवं निर्माण लागत सहित दें; और

(ख) अधूरे भवनों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***5001 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने विद्यालयों का निर्माण कार्य प्रगति पर अथवा अधूरा या बंद है; ब्यौरा विद्यालय के नाम एवं निर्माण कार्य प्रारंभ होने की तिथि सहित दें; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक उक्त विद्यालय भवनों के निर्माण कार्य पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; निर्माण कार्य अधूरा रहने अथवा बंद होने के क्या कारण हैं तथा इन्हें कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; विद्यालयवार ब्यौरा दें?

केंद्रीय सड़क कोष

***5002 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश को केंद्रीय सड़क कोष के तहत कितनी धनराशि केंद्र सरकार से प्राप्त हुई तथा कितनी धनराशि सड़कों, पुलों एवं अन्य सड़क संबंधी परियोजनाओं हेतु स्वीकृत की गई; ब्यौरा वर्षवार एवं जिलावार परियोजनाओं के नाम व स्थान सहित दें; कितनी परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं व कितनी लंबित हैं; ब्यौरा विलंब के कारणों सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एवं वित्तीय वर्षवार दें?

नियुक्तियां

*5003 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :**
श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों में कितने व्यक्तियों को नियमित, अनुबंध, अस्थायी, एंगेजमेंट, मित्र एवं अन्य आधारों पर नियुक्तियां प्रदान की गईं; नियुक्त व्यक्तियों के पदनाम, शैक्षणिक योग्यताएं, गृह जिला, नियुक्ति की तिथि, नियुक्ति का आधार, स्वीकृत पदों की स्थिति, नियुक्ति की अवधि, पारिश्रमिक एवं सेवा शर्तों का श्रेणीवार, विभागवार एवं पदवार ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार द्वारा ऐसे कर्मचारियों की नियुक्ति अवधि समाप्त होने के उपरांत सेवा विस्तार, सेवा समाप्ति, नियमितीकरण अथवा नियमित पदों पर समायोजन के संबंध में कोई नीति निर्धारित की गई है; यदि हां, तो विभागवार ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) क्या सरकार द्वारा घोषित रोजगार के आंकड़ों में आउटसोर्स एवं निजी क्षेत्र में प्रदान किए गए रोजगार को भी शामिल किया गया है; यदि हां, तो सरकारी, आउटसोर्स एवं निजी क्षेत्र में प्रदान किए गए रोजगार का पृथक-पृथक ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार द्वारा ऐसी नियुक्तियों में पारदर्शिता, समान अवसर, लागू सेवा नियमों के तहत रोजगार सुरक्षा तथा सेवा शर्तों में मनमाने बदलाव एवं कर्मचारियों के शोषण को रोकने हेतु कोई प्रभावी व्यवस्था निर्धारित की गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

आर्थिक सहायता

*5004 **श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार द्वारा पेड़ अथवा घर की छत से गिरने के कारण घायल/मृतक व्यक्तियों के आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है; यदि हां, तो घायल/मृतक व्यक्तियों के आश्रितों को कितनी-कितनी आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में ऐसे कितने मामले दर्ज हुए व दिनांक 01.11.2026 तक सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि वितरित की गई; और

(ग) क्या ऐसे मामलों में एस0डी0आर0एफ0, मुख्य मंत्री राहत कोष अथवा किसी अन्य सरकारी निधि से सहायता दी जाती है; यदि नहीं, तो कारण?

शिमला: 171004.
17 नवम्बर, 2026.

यशपाल शर्मा,
सचिव